दैनिक
# पदमावत मीडिया
Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•
www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com
वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 317 • मुंबई,शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

## राजस्थान में कौन बनेगा नया भाजपा अध्यक्ष?



**जयपुर।** राजस्थान में ओबीसी को प्रदेश भाजपा संगठन की कमान सौंपने की चर्चा चल रही है। राज्य के प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष सीपी जोशी ने एक पद के तहत इस्तीफे की पेशकश की है। वे चित्तौड़गढ़ से सांसद भी हैं और ब्राह्मण हैं। ब्राह्मण मुख्यमंत्री भी पद पर हैं ऐसे में भाजपा ओबीसी को कमान सौंप सकती है।

बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए मदन राठौड़, प्रभुलाल सैनी और राजेंद्र गहलोत के नामों की चर्चा चल रही है। मदन राठौड़ और राजेंद्र गहलोत राज्यसभा के सदस्य हैं जबकि सैनी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। यह तीनों अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं।

सीपी जोशी को पिछले साल मार्च में राजस्थान बीजेपी का अध्यक्ष बनाया गया था। राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, दोनों ही ब्राह्मण हैं लिहाजा बीजेपी ओबीसी को प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है।

सीपी जोशी ने राजस्थान में विधानसभा चुनाव के बाद और फिर जब वे चित्तौड़गढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ रहे थे तब भी इस्तीफा देने की पेशकश की थी। जोशी ने बीजेपी आलाकमान से कहा था कि एक व्यक्ति, एक पद के फॉर्मूले के तहत उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाना चाहिए।

इन दिनों दिल्ली में संसद के मानसून सत्र में भाग ले रहे सीपी जोशी ने फिर से इस्तीफा देने की पेशकश की है। सीपी जोशी को 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले राज्य का बीजेपी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

तब वसुंधरा राजे और सतीश पूनिया के बीच गुटबाजी के कारण चित्तौड़गढ़ के इस गैर-विवादास्पद लो प्रोफाइल राजनेता को राज्य में पार्टी की कमान सौंपी गई थी। उन्होंने विधानसभा चुनाव का प्रबंधन किया और राजस्थान में पार्टी को जीत दिलाई।।

## फ्रन्ट लाईन वर्कर को नवीन कानूनों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** महिलाओं के अधिकारों एंव उनके हनन पर बनाए गए कानूनों की जानकारी समाज के अंतिम छोर पर पहुंचाने हेतु महिला अधिकारिता विभाग द्वारा फ्रन्टलाईन वर्कर की एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन गुरुवार को जनजाति विकास भवन प्रतापगढ़ में किया गया। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग नेहा माथुर ने बताया की कार्यशाला में लगभग 200 फ्रन्टलाईन वर्कर ने भाग लिया जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से आशा सहयोगिनी, राजीविका से स्वंय सहायता समूह की महिलाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सुरक्षा सखीयों द्वारा भाग लिया गया। विधि विशेषज्ञ नेहा तिवारी द्वारा नवीन कानूनों के साथ ही महिलाओं को संपति के अधिकार, उत्पीड़न के विरूद्ध अधिकार, मातृत्व संबंधी अधिकारों के बारे में बताया। सुपरवाईजर त्रिलोक राज सिंह सिसोदिया ने राजस्थान डायन प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2015, व पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में बताया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं को सुपरवाईजर सपना तेली द्वारा वर्तमान में फैल रहे चांदीपुरा वाईरस की जानकारी की जानकारी देते हुए बताया की बच्चों में फेलने वाले इस वायरस से बच्चों को बचाने के लिए एवं इसके प्रसार को रोकने के लिए साफ सफाई रखने के बारे में जानकारी दी तथा इसके लक्षण के बारे में बताया।

## पालीवाल की स्मृति में बड़गांव स्कूल में किया पौध रोपण




पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर के पौध रोपण सेवा कार्य के तहत गुरूवार को बड़गांव के सरकारी स्कूल परिसर में पौध रोपण किया गया।

बड़गांव के समाजसेवी स्व.रमेश पालीवाल की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में पालीवाल के बेटे अंशुल पालीवाल और भूमित्र पालीवाल ने पौध रोपण किया। बड़गांव सरपंच संजय शर्मा, पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास, महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रधानाचार्य वंदना गलुंडिया, दिलीप टांक, युगल किशोर जोशी, घनश्याम त्रिवेदी, राजस्थान समाज सेवा संस्थान की सेवा टीम और पर्यावरण प्रेमियों ने भी पौध रोपण किया। राजस्थान समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि सनराईज ग्रुप के सौजन्य से संस्थान द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सरकारी स्कूल परिसर, शहर के विभिन्न थाना परिसर में पौध रोपण के साथ ही आमजन को निशुल्क पौध रोपण का अभियान लगातार जारी है।

## गमेर बाग धाम में बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी महाराज का केशलोच कार्यक्रम रविवार को

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** गोवर्धन विलास हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित गमेर बाग धाम में श्री दिगम्बर जैन दशा नागदा समाज चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गणधराचार्य कुंथुसागर गुरुदेव के शिष्य बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी महाराज, मुनि उत्कर्ष कीर्ति महाराज, क्षुलक सुप्रभात सागर महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन वर्षावास के प्रवचन एवं विविध आध्यात्मिक व धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न हो रही है। चातुर्मास के दौरान गुरूदेव के दर्शनार्थ एवं गुरूदेव का आशीर्वाद लेने के लिए दिन भर सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रावक- श्राविकाओं का तांता लगा रहता है। दोपहर में शास्त्र चर्चा एवं सायंकाल आरती हुई।

चातुर्मास समिति के महावीर देवड़ा व भंवरलाल गदावत ने बताया कि गमेर बाग धाम में रविवार 28 जुलाई प्रात» 8.30 बजे बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी महाराज का केशलोच कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित होगा। जिसमें सकल जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहेंगे। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत व महामंत्री सुरेश पद्मावत ने संयुक्त रूप बताया कि मुनिश्री का पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट राकेश भोरावत, झमकलाल पंचोली, सुनील पंचोली ने किया।

बुधवार को बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी महाराज के सान्निध्य में गमेर बाग धाम में श्रावक श्राविकाओं ने संगीतमयी भक्तिभाव के साथ भक्ति नृत्य किये और शारीरिक रोग, मन शोक, पीड़ा, गृह क्लेश निवारण, नवग्रह गृह सुख शांति समृद्धि धन, व्यापार लाभदायक ऋषि मुनियों की आराधना की। धर्मसभा के पूर्व शंतिधारा, अभिषेक, शास्त्र भेंट, चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन जैसे मांगलिक आयोजन हुए।

मुनि क्षुल्लक सुप्रभात सागर महाराज ने कहा कि बालकों को धर्म से जोडना जरूरी है। वर्तमान पीढ़ी धर्म से विमुख हो कर गलत रास्ते जा रहे है। इस पीढ़ी को बचाने हेतु धर्म ही एक मात्र रास्ता है।

इस अवसर आयोजित धर्मसभा में बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी महाराज ने अपने प्रवचन में कहां कि शमशान तेरा हिसाब बड़ा नेक है तेरे दरबार में अमीर हो या गरीब सबका बिस्तर एक है। 84 लाख योनी में मनुष्य ही ऐसा जीव है जो पैसा कमाने को महत्व देता है, धर्म का महत्व नहीं देता है। जो धर्म के पिछे भागेगा उसके पिछे पैसा अपने आप भागेगा। रिश्ता बनाना है तो देव शास्त्र गुरु से रिश्ता बनाओ। सच्चा दोस्त देव शास्त्र गुरु को बनाओं दोस्त कभी भी धोखा दे सकता है परन्तु देव शास्त्र गुरु कभी धोखा नहीं देते है। ये जीवन आत्मा को परमात्मा बनाने के लिए मिला है। धर्म के प्रति समर्पित रहना होगा। अगर हमारी दिशा सही होगी तो दशा भी सही होगी। अपनी मर्यादा बनाए रखें एवं जीवन में धर्म का ही एक लक्ष्य रखे। मोक्ष मार्ग की ओर बढ[illegible]र जीवन प्रस्सत करे। जिनेन्द्र देव ऐसे चुम्बक है जिससे एक बार जुडने पर छोड़ नहीं सकते है। जिस समाज में संस्कार होंगे उस समाज में धर्म अपने आप आगे बढ़ेगा।

कार्यक्रम का संचालन पुष्कर जैन भदावत ने किया। इस इस दौरान सकल जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

## 2 साल से फरार चल रहे शातिर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** जिला एसपी अरशद अली के निर्देशानुसार चलाये जा रहे स्थाई वारण्टी की गिरफतारी के धरपकड अभियान के तहत थानाधिकारी पुनमचन्द खॉट के निर्देशन मे थाना स्तर पर गठित टीम द्वारा थाना गींगला के स्थाई वारण्ट पोक्सो एक्ट में 2 साल से फरार गणेश पिता बाबरु उर्फ बाबरिया मीणा निवासी खाटिया खेडा उथरदा पुलिस थाना गींगला को उथरदा से डिटेन कर थाना पर लाया गया। आरोपी को ईमरोजा माननीय न्यायालय मे मय वारण्ट के पेश किया जावेगा।

## फिल्मी अंदाज में लूटपाट करने के मामले में आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** 22 जुलाई 2024 को प्रार्थी श्री प्रधुम्न सिंह, पिता विजय सिंह जाट, उम्र 30 वर्ष, निवासी दॉतलौठी, जिला डीग, ने एक लिखित रिपोर्ट दी, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें कार्यरत स्टेशन मास्टर डूंगरपुर से टेलीफोन पर सूचना मिली कि रेलवे ट्रेक पर एक गाड़ी खड़ी है। उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि अज्ञात व्यक्तियों ने रेलवे लाइन पर लोहे के सरिये रख दिए थे, जिसके कारण गाड़ी ने सरियों से टकराकर कुछ सरियों को इंजन के कैटल गार्ड में फसा लिया। इस घटना का मुख्य उद्देश्य रेलगाड़ी को क्षति पहुंचाना और सवारियों को जीवन संकट में डालना था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी मोनिका सेन के निर्देश पर थाना कोतवाली और सदर के नेतृत्व में, टीमें गठित कर आस-पास के गांवों पर पूर्व के चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ की गई। संदिग्ध निलेश, अविनाश, रोहीत, अजय, मुकेश एवं विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस थाना सदर, जिला डूंगरपुर में डिटेन किया गया। जिनसे सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने रेलवे पटरी पर सरिये बिछा कर रेल को क्षति पहुंचाने, रोकने एवं पलटी खिलाकर यात्रियों को लूटने का अपराध किया था।

## प्रशासन ने की अतिक्रमण के विरुद्ध की कार्रवाई संभागीय आयुक्त और जिला कलक्टर ने किया सिटी राउंड

### शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए हटवाया अतिक्रमण





पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन और जिला कलेक्टर डॉ. अंजली राजोरिया ने गुरूवार को संयुक्त रूप से प्रतापगढ़ शहर में सिटी राउंड किया और शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए अतिक्रमण हटवाया गया। प्रशासन ने शहर के मुख्य मार्ग पर सड़क, नाला, फुटपाथ व सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण खाली करवाया। इस अवसर पर, एडीएम विनय पाठक, एसडीएम राजेश कुमार नायक और तहसीलदार प्रतापगढ़ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशासन के अधिकारीयों ने धरियावाद रोड से अम्बेडकर सर्किल, नीमच नाका होते हुए गांधी चौराहे तक अवैध होर्डिंग, थडियों, अतिक्रमण के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की।

मुख्य मार्गों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के साथ ही यह पहल शहर के यातायात की समस्याओं को हल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़कों पर लगे अवैध होर्डिंग और थडियों के कारण ट्रैफिक और सड़क दुर्घनाओं जैसी समस्याओं की संभावना बनी रहती है। इस कार्रवाई के माध्यम से स्थानीय प्रशासन आमजन की सुरक्षा और सुविधाओं को मजबूत बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रकट किया है।

**टीएडी कार्यालय परिसर में किया पौधारोपण**

संभागीय आयुक्त और जिला कलक्टर ने टीएडी कार्यालय में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण किया। इस अवसर पर एडीएम विनय पाठक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद परसाराम सहित अन्य अधिकारीयों और विद्यार्थियों ने भी पौधारोपण किया। पौधारोपण के माध्यम से सभी अधिकारियों ने शहर में हरित और स्वास्थ्यवर्धक परिवेश को बढ़ावा देने का संकल्प लिया । संभागीय आयुक्त ने कहा की पौधारोपण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और पौधों की समुचित देखभाल भी की जाए । इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा की पौधारोपण से हम सब एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की ओर अग्रसित होंगे, यह एक महत्पूर्ण कार्य एवं जिम्मेदारी है।

## नर्सिंग प्रशिक्षण के नाम से धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** पुलिस थाना कोतवाली डूंगरपुर पर प्रार्थी जयेश पिता नटवरलाल पण्ड्या, उम्र 55 साल, निवासी 117 प्रतापनगर, थाना कोतवाली डूंगरपुर ने एक लिखित रिपोर्ट पेश की थी कि 22 जुलाई 2024 को सीएम एण्ड एचओ साहब डूंगरपुर ने उन्हें नया बस स्टैंड रेती स्टैंड के पास बुलाया, जहां पर नर्सिंग इंस्टीट्यूट में अवैधता का मामला सामने आया। उन्होंने रिपोर्ट में यह भी दर्ज किया कि इंस्टीट्यूट पर अन्य व्यक्तियों की धोखाधड़ी भी हो रही है। वर्तमान में उक्त इंस्टीट्यूट को सील किया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी मोनिका सेन पुलिस के निर्देश पर उक्त प्रकरण में दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम द्वारा त्वरित अनुसंधान किया गया और दो आरोपीगण जितेश राज पिता महेश चन्द्र और पंकज पिता नारायण लाल कटारा को गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।

## डिलीवरी बॉय पर हमला करने दो 2 शातिर बदमाश गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिले के थाना प्रतापनगर में 15 जुलाई 2024 को, उदयपुर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, गोवर्धन विलास में रहने वाले सुरेंद्र सिंह राठौड ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि 14 जुलाई को रात्रि करीब 12.15 बजे उनके पुत्र रवि प्रताप सिह पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हमला किया गया था। उन्होंने बताया कि रवि प्रताप सिह डिलीवरी काम कर रहे थे और अपनी स्कूटी से घर जा रहे थे और उन्हें तीन अज्ञात लोगों ने रोका, मारपीट की और चाकु से घायल किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी योगेश गोयल द्वारा त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए जिस पर प्रतापनगर थाना टीम ने दो आरोपियों भानुप्रताप सिंह पुत्र




विजय सिंह चौहान उम्र 18 साल निवासी बाठेडा कलां और सुरेन्द्र सिंह पुत्र दुल्हे सिंह सौलंकी उम्र 23 साल निवासी ए ब्लॉक प्रतापनगर को गिरफ्तार किया वहीं मामले में अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## डिस्कॉम में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी प्रशिक्षण शुरू

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** विद्युत विभाग प्रतापगढ़ वृत के अधीक्षण अभियंता कार्यालय बगवास में तीन दिवसीय इलेक्ट्रीकल सेफ्टी फॉर डिस्ट्रीब्युशन युटिलिटीज विषयक प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण विंग अजमेर के सहायक अभियंता प्रशांत पाराशर ने बताया कि प्रबन्ध निदेशक अजमेर डिस्कॉम के.पी. वर्मा के निर्देशों कि अनुपालना में आर.ई.सी. आईपीएमटी हैदराबाद और अजमेर डिस्कॉम के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जो कि 27 जुलाई तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बांसवाड़ा, सलुम्बर तथा प्रतापगढ़ वृत के 30 अभियंताओं को सुरक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दो पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता



करते हुऐ वृत अधीक्षण अभियंता इन्द्रराज मीणा ने दुर्घटनाओं से बचाव हेतु प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी अभियंताओं को फिल्ड में सुरक्षा दिशा निर्देशों की अनुपालना करवाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर आर.ई.सी. आईपीएमटी हैदराबाद के फेकल्टी आरजे सिंह ने इलेक्ट्रिकल सेफ्टी टूल्स दुर्घटना से बचाव आदि विषयों पर व्याख्यान दिया। खुर्शिद हुसैन द्वारा सी.ई.ए. रेगुलेशन पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर कार्मिक अधिकारी गिरवर आमेटा, प्रशिक्षण विंग अजमेर से विशाल आदि उपस्थित रहे।

# बीस विहरमान तप कर रहे 80 तपस्वियों का हुआ सामूहिक पारणा



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोवन की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टाधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा का चातुर्मास की धूम जारी है। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि गुरुवार को आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में सुबह 7 बजे संतों के सानिध्य में ज्ञान भक्ति एवं ज्ञान पूजा, अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की गई। वहीं सभी श्रावक-श्राविकाओं ने जैन महाभारत ग्रंथ की पूजा-अर्चना की। आयड़ तीर्थ में 80 तपस्वी बीस विहरमान तप की तपस्या कर रहे है जो निरंतन 40 दिनों तक चलेगी। बीस विहरमान तप करने तपस्वियों का सामूहिक पारणा गया गया। महासभा अध्यक्ष तेजसिंह बोल्या ने बताया कि आयोजित धर्मसभा में आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने जैन महाभारत पर आधारित प्रवचन में बताया कि जैन महाभारत में काई भी बात काल्पनिक नहीं बताई गई। सारी बात वस्तुस्थित परक ही बनाई गई है। यह महाभारत 8 6 हजार से कुछ ज्यादा साल पहले बनी हुई घटना है। पाण्डव एवं कौरव दोनो प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ प्रभु की वंश परम्परा में हुए वे जैन थे। एलोपेथी दवा खाने में साधु का पहला महाव्रत नहीं टूटता इसलिए एलोपेथी दवा लेते है मगर मोबाईल में बोलने से साधु का पहला महाव्रत टूटता है। अत» हम मोबाईल में नहीं बोलते मोबाईल से दूर रहने पर चर्चा की। उन्होने कहां कि धर्म प्रभु की आज्ञानुसार ही कर सकते है, जमाने के अनुसार धर्म के नियम नहीं बदल सकते है। आचार्य के प्रवचन में करीब 250 से 300 श्रावक-श्राविकाएं प्रतिदिन धर्म लाभ ले रहे है। चातुर्मास संयोजक अशोक जैन व प्रकाश नागोरी ने बताया कि चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे आचार्य हितवर्धन सुरश्वर द्वारा जैन महाभारत पर रोचक प्रवचन होंगे वहीं प्रत्येक रविवार को सुबह 9.30 से 11 बजे तक अलग-अलग करन्ट विषयों पर आचार्य के प्रवचन हो रहे है।

इस अवसर पर सतीस कच्छारा,राजेन्द्र जवेरिया, चतर सिंह पामेचा, चन्द्र सिंह बोल्या, हिम्मत मुर्डिया, कैलाश मुर्डिया, श्याम हरकावत, भोपाल सिंह नाहर, अशोक धुपिया, गोवर्धन सिंह बोल्या आदि मौजूद रहे।

# पहले ही दिन सलूम्बर जिले की जनता को रास आई पहल योजना

# आजादी के बाद किसी जिला कलेक्टर के अभियान से शुरू हुआ सलूम्बर में जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने काम

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** भारत सरकार और राजस्थान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं एवं इनके प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी आमजन तक पहुंचाने एवं आमजन को योजनाओं का लाभ दिलवाने के उद्देश्य से 'पहल योजना शिविर'' के तहत गुरुवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविरों के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र परिवारों को योजनाओ से जोड़ा गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया एवं सरपंच व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी शिविर में सहभागिता दिखाई।

इस दौरान शिविरों में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने लाभार्थियो से सीधा संवाद किया।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा की गांव-ढाणी में जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रचार-प्रसार कर इन योजनाओं से वंचित सभी पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने का पुनीत कार्य करे।जिला कलक्टर संधू ग्राम पंचायत बेडावल और समोडा में पहल योजना शिविर में आमजन को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने सभी ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को बेहतर एवं खुशहाल बनाने की बात कही। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करना ही मूल ध्येय होना चाहिए।

जिला कलक्टर ने पहल योजना शिविर का निरीक्षण कर विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुये विभागों द्वारा मौके पर दिये लाभ की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पहल योजना का उदेश्य गांव-ढाणी में घर बैठे नागरिकों को पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ देना है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिविर में कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुये कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना है इसमें अधिकारी एवं जागरूक नागरिक भी सक्रियता से भागीदारी निभाकर पात्रजनों को योजनाओं का लाभ दिलायें।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग योजनाओं की जानकारी प्रदान कर पात्रता के आधार पर आवश्यक दस्तावेजों के बारे में मौके पर बतायें जिससे पात्र नागरिक आवेदन कर सकें। उन्होंने ऑनलाइन आवेदनों की प्रक्रिया तथा ई-केवाईसी के माध्यम से लाभ की प्रक्रिया के बारे में भी बताने के निर्देश दिये। उन्होंने आम नागरिकों को आधार,जनाधार, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, उज्जवला योजना सहित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आव्हान किया।



ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साह से भाग लिया और आमजन को योजनाओं से जुड़े लाभों की जानकारी से अवगत कराते हुए मौके पर ही विभिन्न योजनाओं में पंजीकरण का कार्य किया गया।

शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष व्यवस्था करते हुए आमजन स्वास्थ परिक्षण, आयुष्मान कार्ड की ई केवाईसी, सिकल सेल, आभा आईडी, एनसीडी स्क्रीनिग, रक्त चाप की जांच, मधुमेह आदि की जांच भी की गई।

जिले में अब तक लगभग 66 हजार 38 से अधिक लाभार्थी हुऐ लाभान्वित

आधार कार्ड में 1290,जनआधार 2310 बिजली 244,बैंक खाता 7196,पीएम जीवन सुरक्षा बीमा योजना 15853,पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना 8809,अटल पेंशन योजना 3431, कैटल शेड योजना 1272,कृषक परिवार 2464,म्युटेशन 1189, उज्ज्वला योजना 24,विश्वकर्मा योजना 2712,श्रम योगी मानधन योजना 1500,ई श्रम पंजिकरण 8480, विशेष योग्यजन 555,रोडवेज पास 595,जन्म प्रमाण पत्र 3611, मृत्यु प्रमाण पत्र 1368, स्कॉलरशिप( निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल विकास 1225, पेंशन 510,पालनहार 147,कन्यादान 20,विवाह पंजीयन 933 इत्यादि योजनाओ में कुल अब तक कुल 66 हजार 38 लाभार्थियों को योजनाओ से जोड़ा गया।

आज यहां आयोजित होंगे शिविरङ्क पंचायत समिति सराडा की ग्राम पंचायत सराडा, पंचायत समिति लसाड़िया की ग्राम पंचायत आंजनी, पंचायत समिति सेमारी की ग्राम पंचायत उदात फला, पंचायत समिति सलूम्बर की ग्राम पंचायत घाटी, पंचायत समिति झल्लारा की ग्राम पंचायत शेषपुर,पंचायत समिति जयसमंद की ग्राम पंचायत बड़गांव में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# भूपेंद्र सिंह शक्तावत का स्वागत व अभिनंदन



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सीनियर नर्सिंग ऑफिसर भूपेंद्र सिंह शक्तावत का उत्कृष्ट नर्सिंग सेवा एवं व्यवहार के लिए नर्सिंग अधीक्षक भगवान सिंह गेहलोत एवं आरएनए के जिलाध्यक्ष प्रवीण चरपोटा, भगवत सिंह राठौड़ के नेतृत्व में उपरणा ओढ़ाकर,पंगडी पहनाकर, पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। नरेश पूर्बिया ने बताया कि एल पी के रिसॉर्ट बड़ी में आयोजित कार्यक्रम में प्रेम पालीवाल,महेंद्र सिंह शक्तावत, हेमंत आमेटा, आरएनए के जिलाध्यक्ष पवन दानाध्यक्ष, चंद्र प्रकाश, जितेंद्र,लक्ष्मी नारायण, नरेन्द्र,योगेश, नरपत सिंह, हिमांग, दिनेश, राजकुमार, पूर्व उपसरपंच ग्राम बड़ी प्रताप सिंह, कर्मचारी नेता कमल वीरवाल, राम लाल धाबाई उपस्थित थे।

# सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने राज्यसभा में स्पेशल मेंशन नियम के तहत रखी बात

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने गुरुवार को राज्यसभा में स्पेशल मेंशन नियम के माध्यम से अरावली पर्वत श्रृखंलाओं को बचाने और जनजातीय लोगों की जमीनों का अवैध तरीकेसे खरीद-फरोख्त का मुद्दा उठाया।

चुन्नीलाल गरासिया ने सरकार से मांग की कि उदयपुर संभाग जनजाति बहुल एवं अतिप्राचीन अरावली पर्वतमालाओं से घिरा हुआ है। यहाँ की अधिकांश आबादी कृषि, वनोपज और पशुपालन पर निर्भर है। पिछले कुछ वर्षों से यहाँ जनजातीय जमीनों की अवैध तरीके से डमी व्यक्तियों के नाम पर खरीद-फरोख्त हो रही है, जबकि सरकारी नियमों के अनुसार यह अवैध है। साथ ही, अरावली पर्वतों की अंधाधुंध कटिंग हो रही है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। उदाहरण स्वरूप उन्होने उदयपुर के सीसारमा कोडियात, ढीकली, अंबेरी, चीरवा, उमरड़ा, कैलाशपुरी, डाकनकोटड़ा, डेडकिया, काया और नोहरा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर काटे जा रहे पहाड़ों का जिक्र किया।

उन्होने भारत सरकार से मांग की कि उदयपुर संभाग के शेडयूल्ड टी. एस. पी. क्षेत्र में जनजातीय जमीनों की बेनामी खरीद-फरोख्त रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं, ताकि अरावली पर्वत श्रृंखलाओं के ईको-सिस्टम को बचाया जा सके एवं जनजातीय लोगों को उनके हक का लाभ मिल सके।

# भारत की विकास दर व महंगाई दर अन्य देशों से बेहतर एडवोकेट संजय झंवर

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान की उदयपुर शाखा सेक्टर 14 स्थित आईसीएआई भवन में गुरुवार को बजट पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक जैन ने बताया कि सेमिनार में प्रमुख प्रवक्ता जयपुर से आए एडवोकेट संजय झंवर और एडवोकेट जतिन हरजाई ने अपने विषय पर विचार रखे और 150 चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस व अन्य से चर्चा की। सेमिनार के प्रथम सत्र में प्रवक्ता एडवोकेट संजय झंवर ने बजट पर चर्चा करते हुए आयकर रिऑपनिंग, रिअसेसमेंट और एस.टी.टी के रेट में बदलाव, पेनल्टी में बदलाव, केपिटल गेन कर में आए बदलाव और ब्लॉक एसेसमेंट, समय सीमा में बदलाव व अन्य संबंधित विषय पर जानकारी दी। उन्होने कहा कि भारत की विकास दर व महंगाई दर अन्य देशों से बेहतर है। विवाद से विश्वास इस्कीम पर भी जानकारी दी। द्वितीय सत्र के प्रवक्ता एडवोकेट जतिन हरजाई ने जीएसटी प्रावधानों में बदलाव, सेक्शन 16(4), 16(5), 16(6) व इन्टरेस्ट और पेनल्टी वेवर, सेक्शन 73 व 74 तथा नये सेक्शन 74(ए) की सम्पूर्ण जानकारी दी साथ ही आईटीसी अवेलमेंट की समय सीमा के बदलाव को लेकर चर्चा करी, एमनेस्टी स्कीम वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2019-20 की जानकारी दी।

सेमिनार के अंत में शाखा सचिव सीए प्रतिभा जैन ने उपस्थित सभी चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस व अन्य का धन्यवाद ज्ञापित किया। सेमिनार में शाखा सदस्य सीए अभिषेक संचेती, सीए राहुल माहेश्वरी, सीए हितेश भदादा और सीए चिराग धर्मावत सहित शहर के कई वरिष्ठ सीए मौजूद रहे।

# विप्र फाउंडेशन जोन VC जिला जालोर की नवीन कार्यकारीणी का गठन

पदमावत मीडिया

**सायला।** प्रदेश नेतृत्व निदेशानुसार विप्र फाउंडेशन जालोर कार्यकारीणी की घोषणा जिलाध्यक्ष नैनसिंह आलासन द्वारा की गई। जिसमें सर्व सहमति से जिले की नवीन कार्यकारीणी गठित की। इसमें प्रदेश अध्यक्ष अशोक, टाईगर, प्रदेश महामंत्री दिनेश, दवे व जिलाध्यक्ष नैनसिंह, राजपुरोहित ने नेतृत्व में गठित हुई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित सायला, ललित प्रसाद दवे जालोर, मानाराम पुरोहित जुंजाणी व डायालाल पुरोहित बावतरा, जिला महामंत्री डॉ. घनश्याम व्यास भीनमाल, जिला मंत्री मुकुंद दवे सायला, छगनदास वैष्णव जालोर, संतोष पुरोहित जसवन्तपुरा, पंकज व्यास आहोर, सांवलाराम पुरोहित जोड़वाडा, बाबुसिंह पुरोहित ऐलाना, अशोकसिंह रेवतड़ा व चैतनसिंह मेंगलवा, कोषाध्यक्ष चंपालाल पुरोहित सायला, सह. कोषाध्यक्ष हनुमान सिंह मुड़ी, जिला प्रवक्ता पोकरमल दाधीच जालोर, जिला चिकित्सा प्रकाष्ठ रविशंकर दवे भीनमाल, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ किशोरसिंह पुरोहित जालोर, सह. प्रकोष्ठ प्र. अमित शर्मा जालोर, जिला सेवा प्रकोष्ठ मुकेश शर्मा भीनमाल, सदस्य यशवन्तसिंह भट्ट बागरा, जोगसिंह वीराणा व उम्मेदमल सायला एवं जिला सरक्षण मण्डल में नैनसिंह राजपुरोहित सांथू, कन्हैयालाल त्रिवेदी ओटवाला, पवनसिंह दाधीच जालोर, अनिल शर्मा जालोर, उम्मेदसिंह राजपुरोहित नून, पुखराज पुरोहित आलासन, परमानंद भट्ट जालोर, मांगीलाल दोलोणी सांथू, रमेश वैष्णव जालोर, हरसन पुरोहित ऊण, झालसिंह बीबलसर, बद्रीनारायण गौड़ भीनमाल को घोषित किये एवं आगे की जिला कार्यकारीणी का विस्तार व ब्लॉक कार्यकारीणी का गठन शीघ्र ही कर दी जाएगी।

# पर्यावरण संरक्षण का आधार पौधारोपण - श्रवणसिंह राव बोरली

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** वृक्षों की कटाई और पौधारोपण की कमी के कारण पर्यावरण असंतुलीत हो रहा हैं, जिसका एक मात्र उपाय पौधारोपण हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आमजन से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौर से हम सभी गुजर चुके हैं, लेकिन आगे आने वाला समय इससे भी कठीन हो सकता हैं यदि हम सभी पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य नहीं करें तो। उन्होने बताया कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की महत्ती आवश्यक्ता हैं । पर्यावरण संरक्षण का आधार वृक्षारोपण हैं । जिसके लिए सभी संगठनों के साथ - साथ व्यक्तिगत रूप से कार्य करने की आवश्यक्ता हैं। वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण और पृथ्वी दोनों को बचाया जा सकता हैं और भावी पीढी के उज्ज्वल भविष्य की संकल्पा रखी जा सकती है।



**धार्मिक स्थलों पर धार्मिक महत्वानुसार पेड-पौधें**

सनातन संस्कृति में तुलसी, अशोक, आंवला, मदार, केला, नीम, कदंब और बेल का पेड़ सहित पीपल एवं बरगद का विशेष महत्व वर्णित हैं। पद्म पुराण में लिखा है कि जलाशय यानि नदी, तालाब, कुएं-बावड़ी के पास पीपल का पेड़ लगाने से सैकड़ों यज्ञ करने के के बराबर पुण्य मिलता है। शिव पुराण का कहना है की जो वीरान एवं दुर्गम जगहों पर पेड़-पौधे लगाते हैं, ऐसे लोग अपनी पिछली और आने वाली पीढ़ियों को मोक्ष प्रदान करवाते हैं। इसीलिए मठ, मंदिर अन्य धार्मिक स्थलों पर वृक्ष लगावें, जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके।

**फलदार वृक्षों से पक्षियों की आवक बढेगी**

शहरी क्षेत्रों में विशेषतः फलदार वृक्षों की कमी होने के कारण पक्षियों की चहचहाट सुनाई देना कम हो गया हैं। इसीलिए शहरी क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में फलदार वृक्षों को लगाया जावें । जिससे पक्षियों के साथ-साथ परिवार को भी शुद्ध फलों का सेवन करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा । जिसमें आंवला, अमरूद, अनार, पपीता, केला, नारियल, कीवी, संतरा सहित आम, जामुन, चीकु जैसे फलदार वृक्षों को लगाय जा सकता हैं।

**सार्वजनिक क्षेत्रों में लगाए छावदार पेड़**

सार्वजनिक स्थल जैसे तालाब, विद्यालय, मैदान, सार्वजनिक चौराहा, बस स्टेण्ड, धर्मशालाएं इत्यादि में छावदार ऑक्सीजन युक्त नीम, पीपल एवं बरगद जैसे वृक्षों को लगाना आवश्यक हैं । जिससे गर्मी के मौसम में छाव के साथ साथ शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करेगा।

**पेड़ों से होगा खुशहाल वातावरण**

पेड़-पौधों की संख्या में गिरावट के कारण ही वातावरण अनुकुलता की समस्या हमारे सम्मुख हैं । जिसके कारण भीषण गर्मी, सर्दी में गिरावट एवं बारिश की अनियमितता देखने को मिल रही है। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ मौसमीय सुधार होने प्रारंभ होगें एवं जिससे भावी पीढी को राहत प्रदान की जा सकें।

# एक ही दिन में वसूली 307 करोड़ रूपए की बकाया पेनल्टी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में लंबित राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर किए जा रहे विशेष प्रयासों के चलते खान एवं भू विज्ञान विभाग से जुड़े एक लंबित प्रकरण में गुरूवार को एक ही दिन में तकरीबन 307 करोड़ रूपए की बकाया पेनल्टी वसूल कर राजकोष में जमा कराई गई। खान विभाग के इतिहास में यह राजस्थान का पहला मामला है, जब इतनी बड़ी रकम एक दिन में वसूल की गई है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर खान एवं भूविज्ञान विभाग की शासन सचिव श्रीमती आनंदी एवं निदेशक भगवतीप्रसाद की ओर से विभाग से जुड़े लंबित राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड़ के खनन पट्टे पर अनुमोदन से अतिरिक्त खनन करने के मामले में 4 साल से प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय में लंबित था। अतिरिक्त खनन पर विभाग ने नियमानुसार पेनल्टी लगाई थी, लेकिन संबंधित इकाई ने इस पर न्यायालय से स्थगन ले रखा था। उच्चाधिकरियों के निर्देशन में विभाग के अतिरिक्त निदेशक जोन उदयपुर श्री दीपक तंवर लगातार इसमें प्रभावी पैरवी के लिए प्रयासरत थे। न्यायालय से स्थगन हटते ही विभाग ने बकाया पेनल्टी वसूल कर ली।

**यह है मामला**

खान एवं भूविज्ञान विभाग उदयपुर जोन के अतिरिक्त निदेशक दीपक तंवर ने बताया कि यह पूरा प्रकरण इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स की अनुमोदित खनन योजना के तहत हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के राजसमंद स्थित खनन पट्टे से जुड़ा है। संबंधित खनन पट्टे से 25 लाख टन उत्पादन का अनुमोदन था, इसके विरूद्ध 29.68 लाख टन का उत्पादन किया गया। नियमानुसार अनुमोदित खनन योजना में अनुमोदन से अधिक खनन करने पर उसे अवैध खनन मानते हुए कॉस्ट ऑफ मिनरल वसूल की जाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2017 में दिए कॉमन जजमेंट में अनुमोदन से अधिक खनन पर अतिरिक्त खनन की 100 प्रतिशत कॉस्ट पेनल्टी के रूप में वसूल किए जाने के आदेश दिए थे। श्री तंवर ने बताया कि लैड एवं जिंक की कॉस्ट का एसेसमेंट लंदन मेटल एक्सचेंज प्राइज के आधार पर किया जाता है। इकाई द्वारा किए गए कुल अतिरिक्त खनन 4.68 लाख टन का एसेसमेंट करने पर यह राशि लगभग 311.96 करोड़ आंकी गई। हिन्दुस्तान जिंक ने इनमें से 4.98 करोड़ की राशि वर्ष 2020 में जमा कराई गई, लेकिन शेष राशि पर न्यायालय से स्थगन ले लिया था।

**राशि राजकोष में जमा**

श्री तंवर ने बताया कि स्थगन हटाने को लेकर सरकार ने प्रकरण को रिवीजन ले रखा था। गुरूवार को सर्वोच्च न्यायालय में करीब 2 घंटे तक इस विषय पर बहस चली। सरकार की ओर से अधिवक्ता ने सभी तथ्य प्रस्तुत किए। इस पर न्यायालय ने स्थगन हटाने के आदेश दिए। न्यायालय के आदेश के तत्काल बाद विभाग ने संबंधित इकाई पर बकाया पेनल्टी 306.98 करोड़ चार्ज करते हुए उसके खाते से राशि वसूल कर राज कोष में जमा करा दी है।

# खान विभाग द्वारा जून माह के बेस्ट परफॉर्मर अधिकारी घोषित

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राज्य के खान विभाग द्वारा सहायक खनिज अभियंता दौसा श्री लक्ष्मी चंद मीणा को जून माह का बेस्ट परफॉर्मर अधिकारी घोषित किया है। निदेशक खान एवं पेट्रोलियम श्री भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि विभाग द्वारा नवाचार अपनाते हुए खान विभाग के 50 कार्यालयों में कार्य निष्पादन को लेकर स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा स्थापित करते हुए प्रतिमाह माह का बेस्ट परफॉर्मर अधिकारी घोषित करने का निर्णय किया है। चयन के लिए पूरी तरह से निष्पक्ष व ऑब्जेक्टिव प्रक्रिया अपनाई गई है। श्री मीणा को निदेशक खान द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन जारी किया गया है।

डीएमजी श्री कलाल ने बताया कि राज्य सरकार खान विभाग में उत्तरोत्तर कार्य निष्पादन के लिए जहां एक और खान सचिव श्रीमती आनन्दी द्वारा प्रति शुक्रवार सचिवालय में विभाग के कार्मिकों के साथ मॉनिटरिंग का सिस्टम को चाक चौबंद करती हैं वहीं विभाग द्वारा अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए माह का बेस्ट परफॉर्मर अधिकारी घोषित कर प्रमाण पत्र से सम्मानित करने का निर्णय किया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 100 नंबर का वस्तुनिष्ट (ऑब्जेक्टिव) फोरमेट तैयार किया गया हैं जिसमें लक्ष्यानुसार राजस्व वसूली के लिए 40 अंक, प्लॉट डेलिनियेशन के लिए 20 अंक, पुरानी बकाया वसूली के लिए 15 अंक, अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए 15 अंक और संपर्क पोर्टल प्रकरणों के निष्पादन के लिए 10 अंक तय किये गये हैं।

श्री कलाल ने बताया कि जून माह की परफॉर्मेंस के आधार पर सहायक खनि अभियंता श्री लक्ष्मीचंद मीणा 100 में से 66 अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे हैं वहीं राजसमंद प्रथम 64 और कोटपुतली 63 अंक लेकर बेस्ट परफोरमर की दौड में आगे रहे हैं। विभाग द्वारा प्रतिमाह एक अधिकारी को ही बेस्ट परफॉर्मर घोषित करने के निर्णय के अनुसार एएमई दौसा ने नवाचार आरंभ होने के बाद पहले बेस्ट परफॉर्मर बने हैं। बेस्ट परफॉर्मर की दौड़ में अतिरिक्त निदेशक जयपुर श्री बीएस सोढ़ा और एसएमई जयपुर श्री एनएस शक्तावत का कार्यक्षेत्र आगे रहा है और पहले तीन स्थानों में से दो पर जयपुर क्षेत्र आगे रहा है। निदेशक माइंस श्री भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि यह व्यवस्था अधिकारियों को बेहतर परिणाम देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। माना जाना चाहिए कि इसके आगे और भी अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

# सांसद डॉ मन्ना लाल रावत ने की रेल मंत्री से मुलाकात, रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग रखी

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने गुरुवार सुबह केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान सांसद रावत ने रेल मंत्री के साथ मेवाड़-वागड़ में रेल सुविधाओं के विस्तार सहित रेलवे से सम्बन्धित अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर चर्चा की। सांसद रावत ने रेलमंत्री को अवगत कराया कि उदयपुर पर्यटन की दृष्टि से विश्व पटल पर विशेष स्थान रखता है, यहाँ वर्ष पर्यन्त लाखों की संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते है। उदयपुर की देश के दूसरे शहरों से बेहतर रेल कनेक्टिविटी के लिए उदयपुर की जनता द्वारा वर्तमान संचालित ट्रेनों के फेरे बढ़ाने, ट्रेनों को उदयपुर से चलाने एवं अन्य मांगे लगातार की जा रही है।

सांसद रावत ने आमजन की सुखद, सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा के लिए नई रेलवे लाइनें,कई रेल सेवाओं में बढ़ोतरी, अजमेर तक की सेवाएं उदयपुर तक बढ़ाने, उदयपुर को दक्षिण भारत से वाया अहमदाबाद जोड़ने, उदयपुर सिटी रेलवे-स्टेशन के जनोपयोगी सुधार, जयसमंद रोड पर बुकिंग सुविधा, सुरखनखेडा स्टेशन सहित क्षेत्र के प्रमुख स्टेशन पर दरुतगामी ट्रेनों के ठहराव व रेलवे प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर के परिसर वाले राजकीय स्कूल के पुनर्निर्माण हेतु अनुमति सम्बन्धी मांग रखी। रेल मंत्री ने इन सभी मांगों पर चर्चा करते हुए आवश्यक कार्रवाई कर रेल सुविधाओं के विस्तार का आश्वासन दिया। इन ट्रेनों के विस्तार व अन्य सुविधाओं की मांग रखी

- उदयपुर योग नगरी ऋषिकेश ट्रेन (19609/10) वर्तमान में सप्ताह में तीन दिन चल रही है। इसे देहरादून तक बढ़ाया जाकर प्रतिदिन चलाया जाए। साथ ही इस ट्रेन के कोच भी बढ़ाने की आवश्यकता है।

- उदयपुर बांदा टर्मिनस ट्रेन (22902/01) वर्तमान में सप्ताह में तीन दिन चल रही है, जिसे नियमित किया जाए।- कोटा आसरवा एक्सप्रेस ट्रेन (19821/22) वर्तमान में सप्ताह में दो दिन चल रही है, उसे सप्ताह में बार दिन चलाया जावें।

- अजमेर-जम्मू तवी ट्रेन (124-13) वर्तमान में अजमेर से संचालित है, को उदयपुर तक बढ़ाया जायें।

- अजमेर-चंडीगढ़ गरीब रथ (12983) वर्तमान में अजमेर से संचालित है, को उदयपुर तक बढ़ाया जावें। - उदयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला चेतक एक्सप्रेस ट्रेन (20474/73) को डूंगरपुर तक बढ़ाया जायें, जिससे दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी अंचल के लोगो को दिल्ली तक सीधी रेल कनेक्टिविटी प्राप्त हो सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।